न्यूज 12 भारत
सच्ची बात
डिजिटल मीडिया
Website : www.news12bharat.com







# गेहूँ अधिप्राप्ति हेतू गया जिलान्तर्गत कार्य योजना

(न्यूज12 भारत)

गया।रब्बी विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत जिला में पैक्स , व्यापारमंडलों द्वारा ऑनलाईन निबंधित किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ अधिप्राप्ति का कार्य किया जा रहा है।

गेहूँ अधिप्राप्ति के लिये पंचायत स्तर पर पैक्स एवं प्रखंड स्तर पर व्यापारमंडल द्वारा गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य हेतु क्रय केन्द्र की स्थापना की गई है। गेहूँ अधिप्राप्ति की पुरी प्रक्रिया ऑनलाईन प्रोक्युरमेंन्ट सिस्टम आधारित है। पैक्स,व्यापारमंडल में उन्हीं किसानों से गेहूँ क्रय किया जायेगा जिनके द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल www.dbtagriculture.bihar.gov.in पर भूमि संबंधी विवरण दी गई है।भूमि से संबंधित तथा अन्य सूचनाओं को अंकित किये जाने के पश्चात उन किसानों से गेहूँ का क्रय पंचायत स्तर पर पैक्स एवं प्रखंड स्तर पर व्यापारमंडल द्वारा स्थापित क्रय केन्द्र पर किया जा सकेगा।कृषि विभाग में निबंधित रैयत किसान निबंधन संख्या के आधार पर कृषि विभाग के उपरोक्त पोर्टल पर भूमि से संबंधित तथा अन्य सभी वांछित सूचनाओं को अंकित किये जाने के पश्चात स्वतः जनित घोषणा पत्र के आधार पर अपने पंचायत स्तर पर पैक्स एवं प्रखंड स्तर पर व्यापारमंडल द्वारा खोले गये क्रय केन्द्र में अधिकतम 150 क्वीं० गेहूँ की बिक्री कर सकेगें।


गैर रैयती किसान निबंधन संख्या के आधार पर कृषि विभाग के उपरोक्त पोर्टल पर भूमि से संबंधित तथा अन्य सभी वांछित सूचनाओं को अंकित किया जायेगा तत्पश्चात स्वतः जनित घोषणा पत्र पर किसान सलाहकार,वार्ड सदस्य अथवा उनके अनुपस्थिति में कृषि समन्वयक एवं वार्ड सदस्य,मुखिया,पंचायत समिति ,जिला परिषद सदस्य के द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर अधिकतम 50 क्वीं० गेहूँ अपने पंचायत स्तर पर पैक्स एवं प्रखंड स्तर पर व्यापारमंडल के क्रय केन्द्र पर बिक्री कर सकेगें। रब्बी विपणन मौसम 2024-25 में गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275/- रू0 प्रति क्वीं० निर्धारित है एवं गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य कार्य दिनांक 15.03 से 15.06 तक किया जाना है। रब्बी विपणन मौसम 2024-25 में पैक्स,व्यापारमंडलों द्वारा जिला के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु जिला का लक्ष्य 11987.00 मे०टन निर्धारित किया गया है।किसानों का भुगतान गेहूँ बेचने के उपरांत 48 घंटे के अंदर किया जायेगा।

अभी के समय में अभीतक मात्र 840 किसानों द्वारा गेहूँ अधिप्राप्ति के लिये ऑनलाईन आवेदन किया गया है। सभी किसानों को यथाशीघ्र अपना ऑनलाईन आवेदन करा लेने की आवश्यकता है जिससे कि अपना गेहूं बेच सकें। जिला अन्तर्गत कुल 326 पैक्स,व्यापारमंडलों द्वारा गेहूँ अधिप्राप्ति का कार्य किया जायेगा, जिसमें अभी 62 समितियों में गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु क्रय केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। एवं अन्य समितियों में भी क्रय केन्द्र स्थापित करने की प्रक्रिया की जा रही है।किसान बन्धुओं से अनुरोध है कि वे अपने गेहूँ बिक्री हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त करें।

## एक नजर

### शिव मंदिर निर्माण कार्य में श्रमदान करने पहुंचे झारखंड जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक





(न्यूज12 भारत)

तोपचांची -- टुंडी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत तोपचांची प्रखंड के ढांगी पंचायत के रामकनाली में श्री श्री शिव मंदिर समिति द्वारा शिव मंदिर निर्माण कार्य के मौके पर श्रमदान करने पहुंचे झारखंड जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक । अनाथो के नाथ महादेव शिव से क्षेत्र वासियों के लिए किए मंगल प्रार्थना किये | जमुआटांड़ पंचायत अंतर्गत जमुआटांड़ में चल रही कल्याणकारी श्री श्री मरूतिनंदन यज्ञ में सम्मिलित होकर यज्ञ मंडप की प्रदक्षिणा कर क्षेत्र वासियों के मंगल जीवन की प्रार्थना किए। साथ में गुड्डु दुबे,महादेव तिवारी,सुशांकर मंडल,राजू मंडल,नंदकीशोर केवट,सचिन मंडल आदि लोग मौजूद थे ।

### स्वैच्छिक रक्तदाता संस्थाओं के लिए एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



(न्यूज12 भारत)

धनबाद : एसएनसीएमएच धनबाद के सभागार में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदाता संस्थाओं के लिए एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कर रक्तदान क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिंहा और सी आई एस एफ के डी आई जी विनय काजला थे। मौके पर ब्लड बैंक के प्रभारी बीके पांडेय और डॉ यू के ओझा, डॉ प्रतिभा राय भी मौजूद थे। जिले के लगभग डेढ़ दर्जन संस्थाओं को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया । विदित हो कि जन अधिकार मंच सिंदरी द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर आजादी के लिए मर मीटने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन कई वर्षों से लगातार किया जाता है। आजादी के वर्षगांठ की संख्या के बराबर की संख्या में रक्तदान किया जाता है। युवाओं की भागीदारी और उत्साह इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहता है जो देशभक्ति के जज्बे से ओतप्रोत रहते हैं। मंच के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने युवाओं को इस नेक कार्य में भागीदारी करने के लिए आभार प्रकट किया है और एसएनसीएमएच को सम्मान समारोह आयोजित कर संस्थाओं को सम्मानित करने के प्रयास की सराहना की है।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी





(न्यूज12 भारत)

बलियापुर । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार आज दिनांक 19.04.2024 को आसन्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र सिन्दरी नगर निगम के वार्ड सं0 53 के मतदान केन्द्र सं0 376, 377, 378, 379, 380, 381 में मतदाताओं को जागरूक एवं उनकी शतप्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। विदित हो बलियापुर प्रखण्ड अंतर्गत कुल 63 मतदान केन्द्र राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत के रूप में चिन्हित किये गये हैं, इनमें से 47 मतदान केन्द्र सिन्दरी नगर निगम क्षेत्र के हैं। यह रैली काण्ड्रा बाजार से निकलकर कोल बोर्ड, डी०बी०सी० मोड़ होते हुए मुसाबनी कॉलोनी तक पहुँची। रैली में लगभग 3 कि०मी० दूरी तय की गयी एवं इस दौरान मतदान क्षेत्र के मतदाताओं को आगामी 25 मई 2024 को अपने मतदाधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने की अपील की गयी।

# मशीनों की स्थिति व निगरानी पर आईआईटी (आईएसएम) में दो दिवसीय कार्यशाला

(न्यूज12 भारत)

धनबाद:मशीनों की स्थिति और निगरानी पर दो दिवसीय कार्यशाला आईआईटी आईएसएम धनबाद में शनिवार को शुरू हुआ. इसमें कुल मिलाकर उद्योग जगत के 45 प्रतिनिधि विभिन्न प्रयोगशालाओं के शोधकर्ता छात्रसंघ सदस्य और देश के विभिन्न हिस्सों से अनुसंधान विद्वान पहुंचे हैं। इसमें माची के कंपन विश्लेषण और दोष विश्लेषण के विभिन्न पहलू समाचार प्रतिभागियों जिसमें से 28 ऑनलाइन मोड में कार्यशाला में भाग लिया जबकि 17 अन्य जिन्होंने ऑनलाइन मोड में भाग लिया ने सिगनल प्रोसेसिंग तकनीक की बारीकियां 22760 और हेड एनालाइजर कंपनी का उपयोग करके शोर विश्लेषण और एम ई और स्कोप सॉफ्टवेयर में कंपन



डाटा के पोस्ट प्रोसेसिंग के बारे में सीखा। सैद्धांतिक कक्षा के साथ-साथ आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के कार्यकारी विकास केंद्र में कार्यशाला के भाग के रूप में आयोजित प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण पर चर्चा हुई।उद्घाटन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभाग अध्यक्ष सोमनाथ चट्टोपाध्याय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन के अनुसार 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें इसकी आवश्यकता है बहुत सारे बुनियादी ढांचे का विकास करें जिसके लिए बड़ी संख्या में मशीनों और उनकी प्रभावी डिलीवरी की आवश्यकता है और मशीनों की स्थिति की निगरानी के रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ-साथ मशीनों की डिजिटल ट्यूनिंग अब चालू हो गई है। जिसके अनुसार हम मशीनों की वास्तविक स्थिति जान सकते हैं।मौके पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर मदन लाल चंद्रवंशी जो पाठ्यक्रम समन्वयक भी हैं ने प्रशिक्षण का विवरण दिया जबकि इस विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर सचिन कुमार सिंह जो सब पाठ्यक्रम समन्वयक है ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में मशीन लर्निंग है सिस्टम मॉडलिंग जैसी पारंपरिक प्रौद्योगिकी का स्थान लेगा।

### छात्रा आंचल कुमारी सिंह अपने ननीहाल में रहकर दसवीं में पाए कुल 344 अंक - 68.80 प्रतिशत

(न्यूज12 भारत)




देवघर: आंचल का पैतृक आवास जिला - देवघर, प्रखण्ड - पालोजोरी के गांव - असना हैं।

नाना- नानी एवं दोनों मामा की छत्रछाया और देखरेख में कर रहीं हैं शिक्षा ग्रहण।

टुंडी/धनबाद (नवीन चन्द्र सिंह): आज दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को झारखण्ड अधिविद्या परिषद, रांची द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा का परिणाम पाण्डरा उच्च विद्यालय, पोद्दारड़ीह की छात्रा आंचल कुमारी सिंह अपने ननीहाल में रहकर शिक्षा ग्रहण करती रही हैं । प्रथम स्थान कुल अंक - 344 प्रतिशत: 68.80 लाकर अपने परिजनों एवं ननिहाल के साथ ही साथ पाण्डरा विद्यालय का नाम भी प्रकाशित किया।

आंचल कुमारी सिंह के अनुसार पैतृक आवास देवघर जिला



Student's Name: AANCHAL KUMARI SINGH
Father's Name: MUKESH KUMAR SINGH
Mother's Name: PUNAM KUMARI SINGH
School: PANDRA HIGH SCHOOL PODDARDIH

| Subject Code | Theory | Prac./Ass./CCE | Total | Grade | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| HNA | 065 | 019 | 084 | A+ | |
| ENG | 064 | 019 | 083 | A+ | |
| MTH | 041 | 019 | 060 | A | |
| SCI | 035 | 018 | 053 | B | |
| SNK | 045 | 019 | 064 | A | # |
| SOC | 034 | 018 | 052 | B | # |
| Total Obt. Marks | 344 | | | | |

के पालोजोरी प्रखण्ड अंतर्गत असना गांव हैं जहां शिक्षा का माहौल नहीं रहने के कारण ननिहाल के निरसा प्रखण्ड के अंतर्गत हरकतोरिया गांव में रहकर नाना - मुन्द्रिका प्रसाद सिंह, नानी : सुभद्रा देवी एवं दोनों मामा - मामी की देखरेख में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

### सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नगर आयुक्त द्वारा वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र मे बुथो का निरीक्षण



(न्यूज12 भारत)

गया।विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लोक सभा चुनाव के प्रथम चरण में गया जिला लोकतंत्र का महापर्व में नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह सुपर जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा वजीरगंज विधान सभा क्षेत्र के मानपुर एवं वजीरगंज प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर चल रहे मतदान का निरीक्षण किया गया है। मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों से मतदान से संबंध में जानकारी ली गई है। सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान चल रहा था। मतदाता लाइन लगाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे। मतदान केंद्रों पर पानी की व्यवस्था पाई गई है। सहायक निर्वाची पदाधिकारी द्वारा लगातार जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट से सभी मतदान केंद्रों का मतदान संबंधी रिपोर्ट लिया गया हू। शर्मा द्वारा मतदाताओं से अपील की गई की ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने अपने घरों से निकल कर आएं एवं अपने मत का प्रयोग कर अपने गया जिला के मत प्रतिशत को बढ़ाएं। वोट दे रहें मतदाताओं से अपने परिवार एवं आस पड़ोस के मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने की भी अपील की गई ताकि गया जिला का और वोट प्रतिशत बढ़े।

### भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला ग्रामीण एवं महानगर संयुक्त बैठक

धनबाद : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला ग्रामीण एवं महानगर संयुक्त बैठक जिला कार्यालय मे लोकसभा संसदीय प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी से भरी जीतने का भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने संकल्प क्या और सभी आदिवासी गांव को दौरा करके मतदान करने की अपील करेंगे मुख्य रूप से धनबाद लोकसभा प्रभारी मंतोष सोरेन जी गिरिडीह लोकसभा प्रभारी सिकंदर हेम्ब्रम फुलचाद किसकु ग्रामीण जिला अध्यक्ष रविश्वर मरांडी अध्यक्षता की गई जिला एवं मंडल के पदाधिकारी की जोरदार उपस्थित रही संचालन कर रहे है। महामंत्री गोविं टुडू परेश मुर्मू लखीराम मंराडी जितेन मोदी प्रकाश मोदी कृष्ण बास्की नंदलाल मुर्मू अनिल मुर्मू जानकी कोडा सुभाष मुर्मू सुरेश बस्की पूर्व पंचायत समिति सदस्य गीता टुडू अरुण हेमराम सुरेश मरांडी सत्यदेव हेंब्रम सुरेंद्र मुंडा जिला के सभी मंडल एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे|

# बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने गया की जनता का जताया आभार

**गया की जनता ने पीएम मोदी और जीतन राम मांझी में जताया विश्वास - डॉ संतोष कुमार सुमन**

(न्यूज12 भारत)

गया : बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में गया समेत बिहार की चार सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। इसके बाद बिहार सरकार के माननीय मंत्री सह हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संतोष कुमार सुमन ने गया की जनता का आभार जताया और दावा किया कि गया सुरक्षित सीट से एनडीए समर्थित हम(से.) के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि गया की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 400 लक्ष्य में अपना योगदान देते हुए जीतन



राम मांझी के पक्ष में जमकर मतदान किया है जिससे यहां एनडीए की जीत है। इसके अलावा बिहार की चारों सीटों पर एनडीए बड़ी मार्जिन से जीत दर्ज करने वाली है। डॉ संतोष कुमार सुमन ने चुनाव समाप्त होने के बाद गया की जनता का आभार जताते हुए कहा कि गया की जनता ने पहले चरण के मतदान में अपना कर्तव्य निभाया है और लोकतंत्र की महानता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अपना योगदान दिया है। उनके विश्वास और समर्थन के लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी के लिए जनता का आशीर्वाद मुझे महत्वपूर्ण है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि वे गया क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से काम करेंगे। जनता के साथ मिलकर, वे गया के लिए एक सशक्त और समृद्ध भविष्य का निर्माण करेंगे।

### किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा अपने बूथ पर किया गया मतदान



(न्यूज12 भारत)

गया।लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा अपने बूथ संख्या 200 समीर तकिया मध्य विद्यालय पर जाकर पूरे परिवार के साथ मतदान किया मतदान के बाद अपील करते हुए कहा डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा लोकतंत्र के महान पर्व पर सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग अवश्य करें क्योंकि लोकतंत्र का महान पर्व है यह पर्व 5 वर्षों के लिए निर्वाचित सरकार बनेगी जिस तरह मतदाता का रुझान है गया विधानसभा से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार को काफी बढ़त मिलेगा सभी मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया कि भीषण गर्मी में भी कतारबघ होकर अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं

# समय पर किए गये प्रयास ने बालिका का बाल विवाह होने से रोका






डॉ. संजय प्रसाद, मांडर

मांडर की 16 वर्षीय बालिका का होनेवाला था विवाह रांची जिले के नरकोपी थाना क्षेत्र के सरवा पंचायत की 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह होने से रोक दिया गया है। इस बालिका की शादी 22 अप्रैल 2024 को होना था, लड़की मांडर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ाई करती थी,लेकिन काफी दिनों से स्कूल नही आ रही है जिसकी जनकारी मांडर की पीएलबी सुमन ठाकुर और पूनम देवी को स्कूल प्रशासन से प्राप्त हुआ,और फिर गांव के मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र उरांव को फोन से संपर्क करने पर पता चला की बच्ची के घर में शादी है इसीलिए नही जा रही है। तत्पश्चात बच्ची की उपस्थिति हेतु प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत बच्ची की उपस्थिति के लिए बच्ची से मिलने उसके गांव पहुंची तब पता चला शादी बच्ची की ही हो रही है।जिसकी जानकारी पीएलबी के द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची राकेश रंजन को दिया गया।और सचिव ने माननीय न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के दिशा निर्देश पर बाल विवाह रोकने का निर्देश दिया और बीडीओ सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी मांडर और नरकोपी थाना प्रभारी से संपर्क कर इसकी जानकारी दी।और kgbv मांडर के स्कूल प्रशासन,नरकोपी थाना के पदाधिकारी, ग्रामीण,मुखिया प्रतिनिधि,और पीएलबी की उपस्थिति में बच्ची के परिवार से बात किया गया और समझाया गया की बाल विवाह कानूनी अपराध है । जिसके बाद बच्ची के परिवार वाले शादी रोकने को तैयार हो गए और बच्ची भी आगे पढ़ने की इच्छा जताई। इस प्रकार डालसा रांची के सहयोग से बाल विवाह को रोका गया और बच्ची को पुनः पढ़ाई हेतु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मांडर भेजा गया।

# सभी प्रत्याशी के साथ सामान्य प्रेक्षक गया संसदीय क्षेत्र की उपस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्कूटर्नी की गई

(न्यूज12 भारत)

गया। गया संसदीय क्षेत्र के सभी 6 विधानसभा बेला, गया सदर, वजीरगंज, बोधगया, बाराचट्टी एव शेरघाटी विधानसभा के पोलेड ईभीएम को पूरे रात तक जमा करवाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम के निगरानी में पूरे शांतिपूर्वक माहौल में सभी ईवीएम मशीन को गया कॉलेज में बनाये गए स्ट्रांग रूम में जमा कराया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा रात भर निगरानी की गई है।



सुबह सभी प्रत्याशी के साथ सामान्य प्रेक्षक गया संसदीय क्षेत्र की उपस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम द्वारा स्कूटर्नी की गई। कोई रिपोले कही नहीं है। सभी प्रत्याशी ने कोई भी आपत्ति नही जताया है। गया संसदीय क्षेत्र की 52.7 मतदान प्रतिशत है। शांतिपूर्वक माहौल में मतदान कार्य संपन्न हुआ है।सभी प्रत्याशी एवं सामान्य प्रेक्षक गया संसदीय क्षेत्र के समक्ष ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह ज़िला पदाधिकारी की उपस्थिति में सभी विधानसभा वार स्ट्रांग रूम को सील किया गया है। स्ट्रांग रूम सील के बाद लकड़ी के सीट से पैक भी करा दिया गया है। इसके साथ ही सभी खिड़कियों को भी सीट से पैक कर दिया गया है। सभी कैंडिडेट्स को सीसीटीवी के सामने, स्ट्रांग रूम के दरवाजे देखने के लिए 24 घंटे की व्यवस्था की गई है। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा रहेगी। दो लेयर में सुरक्षा में तैनाती हुई है। इनर लेयर में सुरक्षा की जिम्मा सीआईएसएफ के प्लाटून को तथा आउटर लेयर बीएसआइएफ के जिम्मा रखी गई है। सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम की गई है। ईवीएम स्ट्रांग रूम में चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि हर दिन रोस्टर के अनुसार एडीएम स्तर के अधिकारी निश्चित तौर पर स्ट्रांग रूम का विजिट करेंगे। एव चेकलिस्ट के अनुसार जांच करेंगे। नगर आयुक्त को निर्देश दिया गया कि परिसर की साफ सफाई की पूरी व्यवस्था रखे।

डीएम ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ईवीएम स्ट्रांग रूम का लॉगबुक संधारित रखे। विजिटर बुक भी संधारित रखने के लिये रजिस्टर उपलब्ध करवाए। इसके अलावा ड्यूटी रोस्टर लिखने के लिये भी रजिस्टर उपलब्ध करवाए।ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी ने सीआईएसएफ के उपस्थित अधिकारी को कहा कि सभी प्रकार के राजिस्ट को पूरी अच्छी तरह डिटेल्स में भरेंगे। इस अवसर पर सभी 6 विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, अपर समाहर्ता लोक शिकायत, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, ज़िला लेखा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन, पुलिस उपाधीक्षक गया टाउन क्षेत्र संख्या-2, थानाध्यक्ष रामपुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीआईटी सिंदरी में इनोवेशन एक्सपो का आयोजन




(न्यूज12 भारत)

धनबाद : बीआईटी सिंदरी में अंतिम वर्ष के छात्रों को उनकी परियोजनाएं प्रस्तुत करने के लिए इनोवेशन एक्सपो 2024 का आयोजन किया गया। इसे एलुमनी सेल और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल 6.0 द्वारा आयोजित किया गया।

जिसमें अंतिम वर्ष के छात्रों (आठवें सेमेस्टर) के प्रोजेक्ट कार्यों का मूल्यांकन किया गया। सभी विभागों के 30 परियोजना कार्यों को प्रारंभिक दौर के लिए चुना गया।

इस कार्यक्रम में बीआईटी सिंदरी के निदेशक प्रोफेसर पंकज राय, डीन एलुमनाई अफेयर्स डॉ. प्रकाश कुमार, प्रशिक्षण व प्लेसमेंट अधिकारी प्रोफेसर डॉ. घनश्याम सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और विभिन्न डीन तथा अलग अलग विभागों के प्रोफेसर उपस्थित थे। इस अवसर पर निदेशक ने नए कार्यों के लिए छात्रों को उत्प्रेरित किया। डीन, एलुमनी अफेयर्स, प्रकाश कुमार ने कहा कि नवीन शोध कार्य के लिए ईमानदार प्रयास तथा नए शोध कार्य के बारे में जानकारी ज़रूरी है।

छात्रों ने अपनी परियोजनाएँ प्रस्तुत करते समय बहुत उत्साह दिखाया। प्रत्येक परियोजना को उनके नवीनता, प्रेजेंटेशन स्किल, कार्य प्रणाली, व्यवहार्यता के आधार पर किया गया। शीर्ष तीन विजेताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में शीर्ष तीन छात्रों की टीमों को पुरस्कृत किया गया और अन्य को भागीदारी प्रमाण पत्र दिए गए। इस कार्यक्रम का उदेश्य प्रतिभागियों के अलावा अन्य छात्रों में भी प्रद्योगिकी व तकनीक के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवीनता को बढ़ावा देना था। इनोवेशन एक्सपो 2024 की सफलता न केवल बीआईटी सिंदरी के छात्रों के अंदर प्रतिभा और रचनात्मकता को उजागर करती है, बल्कि नवाचार और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है।

# दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जदयू की सदस्यता ली

(न्यूज12 भारत)

तोपचांची--तोपचांची रोड़ श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान टुंडी विधानसभा क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी । इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा में लगातार सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। गांव - गरीब, मजदूर - किसानों की आस्था पार्टी में बढ़ी है। परिणाम स्वरूप पार्टी टुंडी विधानसभा क्षेत्र में मजबूत होती जा रही है। इससे लोकसभा चुनाव में एनडीए को लाभ होगा। पार्टी में शामिल होने वालों में असनासिंघा निवासी देव नारायण महतो , खुरडीह निवासी गोपाल प्रसाद राय, राजेश कुमार राय,




दयाबांसपहाड़ निवासी फनि कुम्हार, कामता निवासी तुलाराम महतो, अभिजीत राय, परमेश्वर राय तथा लक्ष्मणपुर निवासी सोना राय और खीरोध कुमार राय हैं। इस अवसर जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, सलीम खान , तारा बाबू, सुभाष सिंह, संतोष साव, प्रिंस कुमार,आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# भाजपा बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न

(न्यूज12 भारत)

झरिया : झरिया के बस्तकोला स्थित माखन मटका भवन में भाजपा का शनिवार को बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो , भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा ने किया, जबकि संचालन महामंत्री तरुण राय व धन्यवाद ज्ञापन संतोष रवानी ने किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में मोदी सरकार की उपलब्धियां के आगे विपक्ष बिल्कुल विफल है। मोदी सरकार ने बहन बेटी को सुरक्षित करने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों को किसान सम्मान निधि देने, खासकर महिलाओं को इज्जत घर, मुफ्त बिजली मकान आदि अनेकों सुविधा देने का काम किया है। मोदी सरकार ने 10 साल में वो सब करके दिखाया है जो 70 साल में पिछली सरकार नहीं सोच पाई। इसलिए देश में तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। वही बात जब धनबाद




लोकसभा क्षेत्र की हो तो हमे हमारे देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी का काम और कमल के निशान को याद करते हुए मतदान के दौरान बटन दबाकर धनबाद में फिर एकबार कमल खिलाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। और 400 पार का लक्ष्य हासिल करना है ताकि देश का सर्वांगीण विकास हो सके और आने वाले समय में ऐतिहासिक निर्णय लिया जा सके। वही भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि नरेंद्र मोदी के जनहितकारी कार्यों को जन जन तक पहुंचाना एक एक कार्यकर्ता का दायित्व है। अगर जनता का काम नहीं सका तो चुनाव में चेहरा दिखाने नहीं आउंगा। कहा आम कार्यकर्ता को भाजपा ने टिकट दिया है। कांग्रेस परिवारवाद की पार्टी है। इसलिए पति विधायक तो पत्नी को टिकट दिलवा दिया गया। यह गरीब और एक राजकुमार की लड़ाई है। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं उन्हें जन जन तक पहुंचाना है। झरिया विधानसभा संयोजक राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगे हैं, उन्ही के बदौलत ही पार्टी का परचम लहराता है। जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न देते हुए भाजपा को वोट देना है। ढुलू महतो को जिताकर संसद भेजें। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, योगेंद्र यादव, राजकिशोर जेना, राम बालक सिंह, संतोष सिंह, उमेश यादव, रिंकू शर्मा, संजय रवानी, रामदेव शर्मा, काजू राय, रूपेश गुप्ता, भोलानाथ गोस्वामी, कौशल वर्मा, अनित सिंह, मनोज गोप, पप्पू पासवान, राजू रविदास, प्रेम गोप, रंजीत दास, बिपिन मंडल, मधेसर चंद्रवंशी, राहुल गुप्ता, अध्यक्ष कुंदन यादव, प्रतिमा गिरी, टुम्पा सरकार, शोभा देवी, बबलू सिंह, देशराज चौहान, उपेंद्र सिंह, गोपाल यादव, आकाश पासवान, राजकुमार राम मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी उपस्थित थे।